लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *290

12 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

साथी

290. श्री जी॰ सेल्वमः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ''लघु उद्योगों की सहायता के लिये प्रभावी कपड़ा प्रौद्योगिकियों का टिकाऊ एवं त्वरित अंगीकरण'' (साथी) पहल की मुख्य विशेषताएं एवं उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने परियोजना का कार्यान्वयन आरंभ करने हेतु किन्हीं वर्तमान वस्त्र समूहों को अभिज्ञात किया है और यदि हां, तो उक्त प्रयोजनार्थ चयनित समूहों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना से उद्यमियों को ऊर्जा एवं लागत की बचत होने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

<u>दिनांक 12.07.2019 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *290 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>

(क) से (घ) : वस्त्र मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय ने विद्युतकरघा क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष वस्त्र प्रौद्योगिकीयों को अपनाने की प्रक्रिया को सुदृढ़ और तेज करने तथा ऐसी प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा लागत में कमी करने के उद्देश्य के साथ नई पहल साथी (लघु उद्योगों की सहायता के लिए दक्ष वस्त्र प्रौद्योगिकियों को निरंतर और तेजी से अंगीकार किया जाना) के अंतर्गत साथ-साथ कार्य करने का निर्णय लिया है। विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई एनर्जी एफिशिएंसी लिमिटेड (ईईसीएल) पुरानी अक्षम बिजली की मोटरों को ऊर्जा दक्ष आईईई3 मोटरों से बदलेगा जिससे पहले चरण में 10% से 15% तक उर्जा और लागत की बचत होने की आशा है। दूसरे चरण में यह ऊर्जा दक्ष विद्युतकरघों तथा रेपियर किट्स को भारी संख्या में बदलेगा और इन्हें लघु तथा मध्यम विद्युतकरघा इकाईयों को उपलब्ध करायेगा। इन प्रभावी उपकरणों के उपयोग से इकाई के मालिकों को बिना किसी अपफ्रंट लागत के ऊर्जा तथा लागत में बचत होगी। इचलकरांजी, भिवंडी, इरोड, सूरत, भीलवाडा तथा पानीपत स्थित विद्युतकरघा कलस्टरों को प्रायोगिक अध्ययन के लिए चिन्हित किया गया है।

*****